कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री कमलकांत शर्मा, निवासी 195/23, राणा सांगा मार्ग, द्वारिकापुरी सर्किल, प्रताप नगर, जयपुर– 302033

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकराय

अपील संख्या 74/2024

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय दिनांक 17.12.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकराय से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकराय को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना उपखंड अधिकारी सिकराय से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी सिकराय को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2024/3707 दिनांक 03.12.2024 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकराय ने पत्र कमांकः आरटीआई/2024/598 दिनांक 17.12.2024 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलाट को सूचना की वस्तुस्थिति से पत्र कमांकः 512 दिनांक 10.11.2024 से ही अवगत करा दिया गया है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 10:30:23 IST
Reason: SelfAttested

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा